जय श्री राम

卐 श्री सदगुरू देवाय नमः 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐

ॐ उल्लंध्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः ॐ आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम् ॐ
ॐ मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् ॐ वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये ॐ

संकट कटै मिटै सब पीड़ा,
जो सुमिरै हनुमत बलबीरा
आप सभी भक्तों को
श्री हनुमान जन्मोत्सव
की हार्दिक बधाई

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण















केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

संकट कटै मिटै सब पीड़ा। जो सुमिरै हनुमत बलबीरा आप सभी को श्री हनुमान जन्मोत्सव की हार्दिक शुभकामनायें

♦वर्ष 26 ♦अंक 175 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦बृहस्पतिवार ♦2 अप्रैल 2026 ♦मूल्य दो रूपया

## डंपर खाई में गिरा, चालक समेत दो की मौत

### ब्रेक फेल होने के कारण अनियंत्रित होकर सौ मीटर नीचे गिरा वाहन

नई टिहरी। जनपद के लंबगांव क्षेत्र अंतर्गत ग्राम क्यारी के पास एक भीषण सड़क हादसे में डंपर सवार दो लोगों की दर्दनाक मृत्यु हो गई। जानकारी के अनुसार ग्राम क्यारी के पास चारगांव वाली रोड पर एक डंपर अनियंत्रित होकर करीब सौ मीटर गहरी खाई में जा गिरा। दुर्घटना उस समय हुई जब डंपर संख्या यूके 09सीए -0639 माजफ से माल खाली कर वापस लौट रहा था। क्यारी गांव के ऊपर स्थित मंदिर के पास तीखी चढ़ाई चढ़ते समय अचानक वाहन के ब्रेक फेल हो गए, जिससे चालक नियंत्रण खो बैठा और डंपर सीधे गहराई में समा गया। वाहन मालिक अभिषेक राणा पुत्र जयवीर राणा निवासी ओनालगांव हाल निवासी लम्बगांव का बताया जा रहा है।



हादसे के वक्त डंपर को सूरज राठौड़ (44 वर्ष) पुत्र केयर आफ जयवीर सिंह राणा निवासी बहराइच उत्तर प्रदेश चला रहा था। उनके साथ गांव का ही एक युवक गजेन्द्र सिंह रांगड़ (36 वर्ष) पुत्र स्व धन सिंह रांगड़ निवासी ग्राम रौणिया भी सवार था। दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम और स्थानीय ग्रामीण तत्काल मौके पर पहुंचे और संयुक्त रूप से राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। पुलिस और ग्रामीणों की मदद से दोनों घायलों को बेहद मुश्किल परिस्थितियों में खाई से बाहर निकाला गया और तुरंत नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चौंड पहुंचाया गया। हालांकि अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने परीक्षण के उपरांत दोनों को मृत घोषित कर दिया। मृतकों की पहचान चालक सूरज राठौड़ और गजेन्द्र सिंह रांगड़ के रूप में हुई है। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पंचायतनामा की कार्यवाही शुरू कर दी है। इस दुखद घटना के बाद मृतकों के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है और क्षेत्र में शोक की लहर है। स्थानीय प्रशासन दुर्घटना के कारणों की विस्तृत जांच कर रहा है।

## बेकाबू कार ने स्कूटी सवार युवक को रौंदा

### घटना से गुस्साए लोगों का चौकी में हंगामा

हरिद्वार (उद संवाददाता)। श्यामपुर थाना क्षेत्र में बीती देर शाम एक दर्दनाक सड़क हादसे में स्कूटी सवार युवक की मौत हो गई, जिसके बाद परिजनों और स्थानीय निवासियों ने चंडीघाट चौकी पर जमकर हंगामा और तोड़फोड़ की।



जानकारी के अनुसार चंडीघाट चौकी क्षेत्र में कांगड़ी की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार कार ने आगे चल रही स्कूटी को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में 40 वर्षीय स्कूटी सवार प्रवेश निवासी चंडीघाट बस्ती की (शेष पृष्ठ सात पर)

## चलती बस में आग, एसएसपी की सतर्कता से टला बड़ा हादसा

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। अल्मोड़ा डिपो की चलती रोडवेज बस के पिछले टायर में अचानक आग लगने से यात्रियों में हड़कंप मच गया। गनीमत रही कि पीछे से अपनी सरकारी गाड़ी में आ रहे एसएसपी मंजुनाथ टीसी की नजर बस से निकलते धुएं पर पड़ गई, जिससे एक बड़ा हादसा होने से टल गया। एसएसपी ने तत्काल बस का पीछा किया और डिग्री कॉलेज के पास उसे ओवरटेक कर रुकवा लिया। बस संख्या यूके 07 पीए 6128 अल्मोड़ा से दिल्ली के लिए रवाना हुई थी और उसमें करीब 12 यात्री सवार थे। जजी कोर्ट के पास से गुजरते समय ड्राइवर साइड के पिछले पहिए से धुआं और आग की लपटें उठने लगी थीं, जिसकी भनक चालक शिवराज बिष्ट को नहीं लग पाई थी। बस रुकते ही यात्रियों को सुरक्षित नीचे उतारा गया और तुरंत नजदीकी पेट्रोल पंप से अग्निशमन यंत्र मंगवाकर आग पर काबू पाने की कोशिश की गई। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम भी मौके पर पहुंची और टायर पर पानी डालकर स्थिति को नियंत्रित किया। शुरुआती जांच में ब्रेक शू गर्म होने को आग लगने की वजह माना जा रहा है, हालांकि तकनीकी जांच के बाद ही स्थिति पूरी तरह स्पष्ट होगी। यात्रियों को बाद में दूसरी (शेष पृष्ठ सात पर)

## सीएम का विरोध कर रहे युवा कांग्रेसी गिरफ्तार

रामनगर (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के रामनगर आगमन से पूर्व युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए जोरदार प्रदर्शन किया। युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष सुमित लोहनी के नेतृत्व में कार्यकर्ता लखनपुर चुंगी क्षेत्र में एकत्र हुए और सरकार के विरुद्ध नारेबाजी शुरू कर दी। प्रदर्शनकारी अपने हाथों में काले गुब्बारे लेकर अनोखे अंदाज में विरोध दर्ज करा रहे थे। जैसे ही कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री के विरोध में प्रदर्शन तेज किया, वहां तैनात पुलिस बल ने उन्हें रोकने का प्रयास किया। इस दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच तीखी झड़प और धक्का-मुक्की भी देखने को



मिली। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने सख्ती दिखाते हुए प्रदर्शनकारियों के हाथों से काले गुब्बारे छीनकर उन्हें फोड़ दिया। हंगामे के बीच पुलिस ने जिलाध्यक्ष सुमित लोहनी सहित कई कार्यकर्ताओं को हिरासत में ले लिया और उन्हें मौके से हटाकर दूसरे क्षेत्र में ले जाया गया। इस कार्रवाई के दौरान काफी देर तक मौके पर अफरा-तफरी और तनाव का माहौल बना रहा। पुलिस प्रशासन का कहना है कि मुख्यमंत्री के दौरे के मद्देनजर कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए यह कदम उठाया गया है और किसी को भी शांति भंग करने (शेष पृष्ठ सात पर)

**Requirement**

Sales manager (male/ 25-30 y) Graduate,3 to 5 year experience]skill working in branded showroom . “salary 20k to 25 k. Crazy decor , Rudrapur ,9837014366

## बैंक में महिला को बनाया बंधक, गारंटर पर तानी रिवाल्वर

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। यहां हल्द्वानी मार्ग पर पर स्थित एक निजी बैंक में परिचित महिला को लोन के मामले में बंधक बनाये जाने की जानकारी मिलने पर बैंक पहुंचे उसके गारंटर पर बैंक की एक महिला द्वारा रिवाल्वर तान दी गई और बैंक प्रबंधक द्वारा उसे पुलिस के सामने ही जान से मार देने की धमकी तक दे दी गई। पीड़ित ने बताया कि उसके पड़ोस में रहने वाले एक युवक ने बताया कि वह एक निजी बैंक में कलैक्शन का काम करता है। इस पर उससे सम्पूर्ण जीवन धन निधि लिमिटेड बैंक में 50 रूपये



किश्त का एक खाता खुलवाया। उसका आरोप है कि जमा कराये रूपयों व बैंक के खाते में अन्तर सामने आया। उसने बताया कि उसने बैंक की एक महिला खातेदार की जमानत ली है। महिला ने बताया बैंक से उसे 1.20 लाख के लोन का नोटिस मिला है। उसे बैंक में बैठाकर रखा है। जब वह जानकारी लेने बैंक गया तो वहां पता चला कि लोन 30 हजार का ही है। इस मामले में जब बैंक प्रबंधक से बातचीत करनी चाही तो उन्होंने अभद्रता करनी शुरू कर दी और उसे धक्का दिया। इस पर 112 पर फोन कर पुलिस को बुलवाया गया। आरोप है बैंक प्रबंधक ने पुलिस के सामने ही उसे जान से मारने की धमकी दी और वहां मौजूद एक महिला ने उस पर रिवाल्वर तान दी। सारी घटना की वीडियो भीउसके पास मौजूद है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## सरेआम युवती से छेड़छाड़, विरोध करने पर जान से मारने की धमकी

किच्छा (उद संवाददाता)। बरेली रोड स्थित एक कैफे और कनौडिया ऑफिस के पास युवतियों से छेड़छाड़ और अभद्र व्यवहार का मामला सामने आया है। मनचले युवकों द्वारा सार्वजनिक स्थान पर की गई इस बदतमीजी के खिलाफ पुलिस ने पीड़िता के भाई की तहरीर पर तीन नामजद आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार वादी की बहन अपनी सहेलियों के साथ कैफे पॉइंट के पास से गुजर रही थी, तभी वहां पहले से मौजूद तीन युवकों ने उन्हें रोक लिया और जबरदस्ती अपना मोबाइल नंबर देने का प्रयास किया।पीड़िता के भाई ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि आरोपियों ने युवतियों के साथ न केवल छेड़खानी की बल्कि अत्यंत अभद्र भाषा का प्रयोग भी किया। जब युवतियों ने इसका कड़ा विरोध किया और बात करने से मना कर दिया, तो आरोपियों ने उन्हें रास्ते में रोककर गाली-गलौज की और भविष्य में बुरा अंजाम भुगतने की धमकी दी। शहर के सार्वजनिक स्थानों पर(शेष पृष्ठ सात पर)

## पांच लाख की नगदी लेकर युवक घर से लापता, केस दर्ज

काशीपुर(उद संवाददाता)। कोतवाली थाना क्षेत्र से एक युवक घर से 5 लाख रूपयों की नगदी लेकर अचानक कहीं लापता हो गया। परिजनों द्वारा तमाम संभावित स्थानों पर तलाश के बाद भी उसका कोई पता नहीं चल सका है। अनहोनी की आशंका से ग्रसित गुमशुदा के भाई ने पुलिस को मामले की तहरीर देकर गायब युवक का पता लगाने की गुहार लगाई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर गायब युवक का पता लगाना शुरू कर दिया। पुष्पक विहार कॉलोनी बड़े गुरुद्वारे के पीछे काशीपुर निवासी बॉबी गुप्ता पुत्र राजकुमार गुप्ता ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीते 13 मार्च की दोपहर लगभग 1:00 बजे उसका 22 वर्षीय भाई अनमोल गुप्ता पिता द्वारा की गई फर्म की उगाही के 5 लख रुपए नगद लेकर घर से अचानक कहीं लापता हो गया। शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि इसके बाद से उसके भाई का मोबाइल फोन लगातार बंद है। परिजनों ने अनहोनी की आशंका जताते हुए मामले की तहरीर पुलिस को दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत करते हुए गायब युवक का पता लगाना शुरू कर दिया।

## नौकरी से निकालने से भड़के मेडिकल कालेज सफाई कर्मियों का प्रदर्शन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। स्वतंत्रता सेनानी रामसुमेर शुक्ल स्मृति राजकीय मेडिकल कालेज की प्रिंसीपल द्वारा कालेज में ठेकेदार के अधीन कार्यरत करीब 27 सफाई कर्मियों को नौकरी से निकाल देने के खिलाफ सभी सफाई कर्मियों ने प्रिंसीपल के इस निर्णय का कड़ा विरोध करते हुए जोरदार प्रदर्शन किया। उनका कहना था कि वह पिछले करीब 20 से 25 वर्षों से जिला चिकित्सालय में सफाई का काम कर रहे हैं। जब से जिला चिकित्सालय मेडिकल कालेज के अधीन हुआ है उनकी परेशानियां लगातार बढ़ती जा रही हैं। अब प्रिंसीपल द्वारा उन्हें यह कहकर



नौकरी से निकाल दिया गया कि सफाई के टेंडर की अवधि समाप्त हो चुकी है। अब नियमानुसार 40 वर्ष से अधिक आयु के लोगों को काम पर नहीं रखा जायेगा और इस कार्य के लिए न्यूनतम कक्षा आठ पास होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि अगर 25 वर्ष पूर्व उन्होंने कक्षा आठ पास की होती तो उन्हें नौकरी करने की जरूरत ही क्यों पड़ती? उनका यह भी कहना है कि अचानक उन्हें नौकरी से निकाल देने से उनके समक्ष रोजी रोटी और परिवार के भरण पोषण का संकट आ खड़ा हुआ है। उन्होंने बताया अपनी पीड़ा सुनाने उन्होंने विधायक शिव अरोरा से फोन पर बात करनी चाही लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया। वहीं पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने फोन पर उनकी पीड़ा सुनकर उन्हें भरोसा दिया है कि कल 3 अप्रैल को वह मेडिकल कालेज आकर प्रिंसीपल से इस सन्दर्भ में वार्ता करेंगे। इधर मामला बढ़ते देख चिकित्सा अधिकारियों ने आपस में विचार विमर्श कर सफाई कर्मियों का सेवा काल 3 माह तक और आगे बढ़ाने का निर्णय ले लिया। (शेष पृष्ठ सात पर)


श्री बालाजी मण्डल
दिनेशपुर की ओर से
श्री हनुमान जन्मोत्सव
की हार्दिक बधाई
शिव अरोरा
विधायक रुद्रपुर
नरेश ग्रोवर
राकेश ग्रोवर 'बिट्टू'
ललित ग्रोवर
वैभव ग्रोवर
तरुण ग्रोवर
हर्षित ग्रोवर
रिंकू ग्रोवर
नोनी ग्रोवर
आशु ग्रोवर
अमित आनन्द


श्री बालाजी मण्डल दिनेशपुर की
ओर से श्री हनुमान जन्मोत्सव
की हार्दिक बधाई
यशपाल अरोरा
एडवोकेट
उज्जवल अरोरा
बाबा भक्त
आर्य समाज गली,रूद्रपुर(उधमसिंहनगर)


श्री बालाजी मण्डल
दिनेशपुर की ओर से
श्री हनुमान जन्मोत्सव
की हार्दिक बधाई
नंदनी पाण्डे
बाबा भक्त
पुलकित पाण्डे
बाबा भक्त
सुनील पाण्डे
न्यू कुमाऊं स्वीट्स
मेन बाजार गदरपुर (ऊधम सिंह नगर)


श्री बालाजी मण्डल दिनेशपुर की
ओर से श्री हनुमान जन्मोत्सव
की हार्दिक बधाई
सुरेश मित्तल
बाबा भक्त
राहुल मित्तल
बाबा भक्त
दीपक मित्तल
बाबा भक्त
मै. राधा कृष्ण सुरेश कुमार
गल्ला मण्डी, रुद्रपुर (ऊधम सिंह नगर) मो. 9760043361


श्री बालाजी मण्डल
दिनेशपुर की ओर से
श्री हनुमान जन्मोत्सव
की हार्दिक बधाई
एस. के.
ट्रेडर्स
संजय जैन
बाबा भक्त
प्रक्षय जैन
बाबा भक्त
दाल, चावल एवं बेसन के थोक विक्रेता
खटीमा रोड, सितारगंज मो. 9837275376


श्री बालाजी
मण्डल दिनेशपुर
की ओर से
श्री हनुमान
जन्मोत्सव की
हार्दिक बधाई
राकेश मलिक
बाबा भक्त
केतन मलिक
बाबा भक्त
गणेश स्वीट्स
गुरुद्वारा रोड मेन चौराहा, नानकमत्ता


श्री बालाजी मण्डल
दिनेशपुर की ओर से
श्री हनुमान
जन्मोत्सव की
हार्दिक बधाई
लक्ष्मी नारायण अग्रवाल
बाबा भक्त
राजेश अग्रवाल
बाबा भक्त
रविन्द्र अग्रवाल
बाबा भक्त
राजेश आयरन स्टोर
बरेली रोड, किच्छा मो. 9058415045


श्री बालाजी मण्डल
दिनेशपुर की ओर से
श्री हनुमान जन्मोत्सव
की हार्दिक बधाई
विजय ग्रोवर
सीमा ग्रोवर
पार्थ ग्रोवर
रुद्रपुर,मो. 9045900590, 8272045100


श्री बालाजी मण्डल
दिनेशपुर की ओर से
श्री हनुमान जन्मोत्सव
की हार्दिक बधाई
पंकज सिंघल
बाबा भक्त
सुरेश चन्द्र सुभाष चन्द्र, किच्छा


श्री बालाजी मण्डल
दिनेशपुर की ओर से
श्री हनुमान जन्मोत्सव
की हार्दिक बधाई
ओम शंकर श्रीवास्तव एडवोकेट
O.S.SRIVASTAVA AND ASSOCIATES
TEEN PANI DAM, FULSUNGA, RUDRAPUR


श्री बालाजी मण्डल दिनेशपुर
की ओर से श्री हनुमान
जन्मोत्सव की हार्दिक बधाई
सौरभ अग्रवाल
एडवोकेट
रौनित अग्रवाल
बाबा भक्त
माधव अग्रवाल
बाबा भक्त
अनंत अग्रवाल
बाबा भक्त
मारुतिनंदन एसोसिएट्स
मलिक कालोनी,रुद्रपुर(उधमसिंहनगर)


श्री बालाजी मण्डल दिनेशपुर
की ओर से श्री हनुमान जन्मोत्सव
की हार्दिक बधाई
इंश्योरेन्स एडवाईजर
एवं टैक्स कन्सलटेंट
वसुंधरा पार्क फेस - 1, रुद्रपुर
प्रीतम जुनेजा
बाबा भक्त


श्री बालाजी मण्डल दिनेशपुर की ओर से
श्री हनुमान जन्मोत्सव की हार्दिक बधाई
जयप्रकाश गर्ग
बाबा भक्त
प्रतीक गर्ग
बाबा भक्त
तुषार गर्ग
बाबा भक्त


दिनेश मित्तल
बाबा भक्त
अंकुर मित्तल
बाबा भक्त
शैलेष मित्तल
बाबा भक्त
मित्तल ट्रेडर्स
किच्छा

# वार्ड 10 के लोगों को दो दशक बाद मिली सड़क की सौगात

## महापौर विकास शर्मा ने किया सड़क निर्माण का शिलान्यास





रुद्रपुर। महापौर विकास शर्मा ने विकास की कड़ी में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए ट्रांजिट कैंप, वार्ड संख्या 10 में पिछले 20 वर्षों से बदहाल पड़ी सड़क के निर्माण कार्य का विधिवत शिलान्यास किया। 8.73 लाख की लागत से बनने वाली यह सीसी सड़क भूपराम के घर से लक्ष्मण दास गुप्ता के घर तक निर्मित की जाएगी। वर्षों से लंबित इस मांग के पूरा होने पर क्षेत्रीय पार्षद मुकेश रस्तौगी और स्थानीय निवासियों ने महापौर का जोरदार स्वागत किया और पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका आभार जताया। इस दौरान वार्डवासियों ने मिष्ठान वितरण कर खुशी का इजहार भी किया। इस अवसर पर महापौर विकास शर्मा ने कहा कि यह सड़क पिछले दो दशकों से उपेक्षित थी। पार्षद मुकेश रस्तौगी के निरंतर आग्रह और जनभावनाओं को देखते हुए नगर निगम ने इसे प्राथमिकता के आधार पर स्वीकृत किया है। जल्द ही यह मार्ग बनकर तैयार हो जाएगा। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण कार्य में गुणवत्ता की अनदेखी किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस सड़क के बनने से न केवल आवागमन सुगम होगा, बल्कि साथ में बनने वाली नालियों से क्षेत्र की जल निकासी की समस्या का भी स्थायी समाधान होगा।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के विजन को साझा करते हुए महापौर ने कहा कि उनके मार्गदर्शन में रुद्रपुर को एक आदर्श शहर बनाने का काम युद्ध स्तर पर जारी है। उन्होंने बताया कि नगर निगम ने महज एक वर्ष के भीतर 102 करोड़ के विकास कार्यों को धरातल पर उतारा है। पहले चरण में हमने 56 कार्यों का शिलान्यास किया था, और अब दूसरे चरण में 75 नए कार्यों की श्रृंखला शुरू की गई है। शहर के किसी भी वार्ड में अब कोई भी गली कच्ची नहीं रहेगी। हमारा लक्ष्य हर खस्ताहाल सड़क को चमकाना है।महापौर ने कहा कि ट्रांजिट कैंप में गृहकर लागू करने की मांग पर नगर निगम ने विस्तृत खाका तैयार कर लिया है। इससे क्षेत्र के हजारों वाशिंदों को उनके मकानों का मालिकाना हक मिल सकेगा। उन्होंने कहा ट्रांजिट कैंप की जनता ने हर चुनाव में भारतीय जनता पार्टी पर अटूट विश्वास जताया है। आपने मुझे जो प्यार और वोट दिया है, मैं विकास के जरिए उस एक-एक वोट का कर्ज चुकाऊंगा। जनता से किया गया हर वादा शत-प्रतिशत धरातल पर उतारा जाएगा।महापौर ने कहा कि जल्द ही नगर निगम की टीम हर वार्ड में सीधे जनता के बीच पहुंचेगी, ताकि स्थानीय समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण किया जा सके। उन्होंने प्रदेश की धामी सरकार की उपलब्धियों को एतिहासिक बताते हुए कार्यकर्ताओं और जनता से आह्वान किया कि विकास की इस गति को बनाए रखने के लिए आगामी 2027 में पुनः भाजपा की सरकार बनाने हेतु अभी से जुट जाएं।इस अवसर पर मुख्य रूप से पार्षद मुकेश रस्तौगी, पार्षद राजेश जग्गा पार्षद राजेंद्र राठौर, एमपी मौर्य, पवन राणा, कविता सागर, आकाश यादव संदीप वाल्मीकि अक्षित छाबड़ा छात्र संघअध्यक्ष रजत सिंह बिष्ट, असलम, किशन सुखीजा उपस्थित रहे।

## हत्या के प्रयास का आरोपी ट्रैक्टर चालक तमंचे सहित गिरफ्तार



हल्द्वानी(उद संवाददाता)। एसएसपी डॉ. मंजूनाथ टीसी के निर्देशन में कालाढुंगी पुलिस ने बड़ी कार्यवाही करते हुए कार सवार को ट्रैक्टर से रौंदने की कोशिश कर हत्या का प्रयास करने वाले हमलावर ट्रैक्टर चालक को वाहन समेत मात्र 12 घंटे में अवैध तमंचे के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 31मार्च की रात्रि करीब 9:30 बजे हिमांशु देऊपा निवासी लच्छमपुर, चकलुवा अपनी नई कार से पहाड़ी ढाबा, चकलुवा में खाना खाने आए थे। इसी दौरान प्रवीण सिंह देऊपा निवासी प्रतापपुर ने जान से मारने की नियत से अपने ट्रैक्टर से हिमांशु की कार पर बार-बार टक्कर मारी। इस हमले में कार में सवार हिमांशु देऊपा एवं उसके साथी को चोटें आई। गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देते हुए ट्रैक्टर चालक वाहन सहित फरार हो गया। हिमांशु की तहरीर के आधार पर पुलिस द्वारा अभियोग दर्ज किया गया।एसएसपी द्वारा आरोपी की गिरफ्तारी तथा अभियोग के अनावरण के सख्त दिशा निर्देश दिए गए।जिस आदेश के क्रम में फॉरेंसिक टीम को घटनास्थल का निरीक्षण करने हेतु तत्काल भेजा गया तथा अरुण कुमार सैनी प्रभारी निरीक्षक कालाढूंगी के नेतृत्व में अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीमें गठित कर दबिश दी गई। सटीक सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने अभियुक्त प्रवीण सिंह देऊपा को नैनीताल मार्ग पर गिरफ्तार कर लिया। उसके से घटना में प्रयुक्त ट्रैक्टर और एक अवैध तमंचा 315 बोर का बरामद हुआ। पुलिस पूछताछ और परिजनों के बयानों के अनुसार, दोनों पक्षों के बीच पूर्व में खनन सामग्री डालने को लेकर विवाद चल रहा था, जिसके परिणाम स्वरूप इस घटना को अंजाम दिया दिया गया। पुलिस टीम में वरिष्ठ उप निरीक्षक पंकज जोशी, उप निरीक्षक राजेश जोशी प्रभारी एसओजी, उप निरीक्षक राजवीर नेगी प्रभारी चौकी बैलपड़ाव, उप निरीक्षक पूजा रानी, अपर उप निरीक्षक कैलाश चंद्र भट्ट कांस्टेबल अमनदीप, किशनगोस्वामी, अखिलेश तिवारी व अरविंद बिष्ट थे।

## उत्तराखंड की बेटियों ने पेंचक सिलाट में जीता स्वर्ण पदक



रुद्रपुर (उद संवाददाता)। गुजरात के आनंद शहर स्थित युग पुरुष स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में 31 मार्च से 2 अप्रैल तक अस्मिता जूनियर नेशनल पेंचक सिलाट गर्ल्स लीग 2026 का भव्य आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का आयोजन स्पोर्ट्स अथॉरटी ऑफ इंडिया के नेतृत्व में इण्डियन पेंचक सिलाट फेडरेशन के सहयोग से किया गया। इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देशभर से लगभग 500 से अधिक बालिका खिलाड़ियों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।प्रतियोगिता में उत्तराखंड की 7 सदस्यीय टीम ने राज्य का प्रतिनिधित्व किया। टीम की खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रदेश का नाम रोशन किया। प्री-टीन आर्टिस्टिक टीम रेगु इवेंट में मिशिता राव, नंदिनी देओ और आराध्या चौहान ने शानदार खेल दिखाते हुए स्वर्ण पदक जीतकर उत्तराखंड को गौरवान्वित किया। तीनों विजेता खिलाड़ियों को स्वर्ण पदक जीतने पर स्पोर्ट्स अथॉरटी ऑफ इंडिया द्वारा 36 हजार रुपए की नगद पुरस्कार राशि देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता के दौरान सभी विजेता खिलाड़ियों को मोहम्मद इकबाल, चेयरमैन, तारीखद्द जरदार, सचिव, फिलिया थॉमस, उपाध्यक्ष। एवं अलेक्स थॉमस द्वारा पदक पहनाकर सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि पर खिलाड़ियों के कोच एवं पेंचक सिलाट एसोसिएशन उत्तराखंड के सचिव बबलू दिवाकर ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा उत्तराखंड की बेटियों ने कड़ी मेहनत, अनुशासन और समर्पण से यह मुकाम हासिल किया है। यह जीत पूरे उत्तराखंड के लिए गर्व का विषय है। उन्हें विश्वास है कि ये खिलाड़ी भविष्य में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी देश का नाम रोशन करेंगी। उन्होंने सभी विजेता खिलाड़ियों को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। इस शानदार सफलता से उत्तराखंड प्रदेश के समस्त पेंचक सिलाट खिलाड़ियों में खुशी की लहर है और खेल जगत में उत्साह का माहौल बना हुआ है।

## 17.51 करोड़ का प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजा

काशीपुर। महापौर दीपक बाली ने प्रेस वार्ता में शहर की समस्याओं और विकास योजनाओं पर जानकारी दी। मुख्य रूप से रामनगर रोड (एनएच-309) की जर्जर हालत, चौती मेला परिसर के विकास, हाईटेक शौचालयों, ड्रेनेज प्लान पर उन्होंने विस्तार से जानकारी दी।कहा कि यह सड़क राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) के अंतर्गत आती है, इसलिए इस पर सीधे नगर निगम काम नहीं कर सकता। अब इस सड़क के लिए किलोमीटर 1 से 28 तक का एस्टीमेट तैयार कर पहले 16 करोड़ 30 लाख 15 हजार रुपये का प्रस्ताव बनाया गया था, जिसे बाद में संशोधित कर 17 करोड़ 51 लाख रुपये कर दिया गया है और यह प्रस्ताव भारत सरकार को भेजा जा चुका है। जनता की समस्या को देखते हुए वर्तमान में भी गडढों का भरान कराया जा रहा है। सड़क का फोरलेन प्रस्ताव पहले ही स्वीकृत हो चुका है, लेकिन फोरलेन निर्माण में समय लगेगा।


## 17.51 करोड़ का प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजा

काशीपुर। महापौर दीपक बाली ने प्रेस वार्ता में शहर की समस्याओं और विकास योजनाओं पर जानकारी दी। मुख्य रूप से रामनगर रोड (एनएच-309) की जर्जर हालत, चौती मेला परिसर के विकास, हाईटेक शौचालयों, ड्रेनेज प्लान पर उन्होंने विस्तार से जानकारी दी।कहा कि यह सड़क राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) के अंतर्गत आती है, इसलिए इस पर सीधे नगर निगम काम नहीं कर सकता। अब इस सड़क के लिए किलोमीटर 1 से 28 तक का एस्टीमेट तैयार कर पहले 16 करोड़ 30 लाख 15 हजार रुपये का प्रस्ताव बनाया गया था, जिसे बाद में संशोधित कर 17 करोड़ 51 लाख रुपये कर दिया गया है और यह प्रस्ताव भारत सरकार को भेजा जा चुका है। जनता की समस्या को देखते हुए वर्तमान में भी गडढों का भरान कराया जा रहा है। सड़क का फोरलेन प्रस्ताव पहले ही स्वीकृत हो चुका है, लेकिन फोरलेन निर्माण में समय लगेगा।



**कार्यालय नगर निगम रुद्रपुर (ऊधमसिंहनगर)**

e-mail- nagarnigamrudrapur@gmail.com Visit- www.nagarnigamrudrapur.com

(दूरभाष - 05944-242400 फैक्स- 05944-243316)

**ई-निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत होर्डिंग / यूनिपोल शुल्क वसूली हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा से सम्बन्धित सभी सूचनाएं उत्तराखण्ड शासन के वेबसाइट http://uktenders.gov.in एवं नगर निगम की वेबसाइट www.nagarnigamrudrapur.com पर अवलोकित की जा सकती है तथा उत्तराखण्ड शासन की वेबसाइट http://uktenders.gov.in से डाउनलोड एवं भरी हुई निविदा अपलोड की जा सकती है। अधिक जानकारी कर अनुभाग के कक्ष संख्या 09 से किसी भी कार्यालय दिवस में प्रातः 10:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक प्राप्त की जा सकती है, विज्ञापन शुल्क वसूली ई-निविदा की निर्धारित Key Dates निम्नानुसार है:-

| S.No | Schedule/Information | Date | Time |
|---|---|---|---|
| 1 | Date of online publication | 02.04.2026 | 11:00 AM |
| 2 | Documents download start date | 02.04.2026 | 11:00 AM |
| 3 | Bid submission start date | 02.04.2026 | 11:00 AM |
| 4 | Bid submission End date | 15.04.2026 | 05:00 PM |
| 5 | offline submission of hard/ original copy of documents End Date | 16.04.2026 | 01:00 PM |
| 6 | Bid Opening Date | 16.04.2026 | 03:00 PM |

(शिप्रा जोशी पाण्डेय)
नगर आयुक्त
नगर निगम, रुद्रपुर, ऊधमसिंह नगर

(विकास शर्मा)
महापौर
नगर निगम, रुद्रपुर, ऊधमसिंह नगर

पत्रांक- 06/कर. अनु./2025-26 दिनांक- 01.04.2026


## मां शीतला पूजा महोत्सव धूमधाम से हुआ सम्पन्न

रुद्रपुर । खटोला ग्राम सभा के निमाईपाड़ा क्षेत्र में आयोजित भव्य मां शीतला पूजा महोत्सव में पूर्व विधायक एवं कांग्रेस नेता राजकुमार ठुकराल ने मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया। पूजा पंडाल में पहुँचने पर ठुकराल ने विधि-विधान से मां शीतला की आराधना की और समूचे क्षेत्र की खुशहाली व सुख-समृद्धि के लिए आशीर्वाद मांगा। इस दौरान आजाद यंग क्लब के पदाधिकारियों और स्थानीय ग्रामीणों ने पूर्व विधायक का फूल-मालाओं के साथ जोरदार स्वागत किया और उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए राजकुमार ठुकराल



ने कहा कि धार्मिक आयोजन और मेलों से समाज में आपसी भाईचारा और प्रेम बढ़ता है। मां शीतला की महिमा अपरंपार है और ऐसे अनुष्ठानों से वातावरण में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। उन्होंने आयोजन समिति के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि अपनी संस्कृति और परंपराओं को संजोए रखना हम सभी का दायित्व है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि जनहित और धार्मिक कार्यों में उनका सहयोग सदैव बना रहेगा। इस अवसर पर आजाद यंग क्लब के अध्यक्ष सुजय विश्वास, उपाध्यक्ष आकाश मण्डल, दिपांकर विश्वास, सुदर्शन विश्वास, तेज सिंह, प्रमोद बोरा, सुमिरन पाण्डे, काली दास, भवतोष वैद्य, ब्रजेन मण्डल, सुंदर मेहरा, उमेद सिंह कार्की, अजय मण्डल, परवेज खां, राजू सिंह, श्रीकांत सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# हनुमान जन्मोत्सव पर धूमधाम से निकली भव्य पालकी शोभायात्रा

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। गल्ला मण्डी स्थित श्री पंचमुखी हनुमान बालाजी मंदिर समिति के तत्वाधान मे हनुमान जन्मोत्सव की पूर्व संध्या मुख्य बाजार में धूमधाम से भव्य पालकी शोभायात्रा निकाली गई जो पंचमुखी हनुमान मंदिर गल्ला मंडी से प्रारम्भ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए वापस हनुमान मंदिर पर जाकर संपन्न हुई। शोभायात्रा में क्षेत्र विधायक शिव अरोरा,मेयर विकास शर्मा,पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल, स्वामी शिवानंद जी महाराज, मंगली साहब कुटिया अनंत प्रेम आश्रम की बाईजी आदि गणमान्य लोग भी शामिल हुए। पालकी शेभायात्रा में श्री सीता राम जी, एवं हनुमान के स्वरूप पर आधारित भव्य झांकियां भी आकर्षण का केंद्र रही। शोभा यात्रा में सबसे आगे समाजसेवी सुशील गावा महावीर हनुमान ध्वज लेकर चल रहे थे। महिला मण्डल की महिलाएं भजन गाते हुए चल रही थी। वहीं इस्कान मंदिर से जुड़े भक्तों ने भी शोभा यात्रा में सहभागिता की। शोभा यात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा के साथ स्वागत सत्कार हुआ। इस दौरान विधायक शिव अरोरा ने कहा श्रीराम के अनन्य भक्त संकट मोचन हनुमानजी के जन्मोत्सव की पूर्व संध्या पर आयोजित यह भव्य दिव्य पालकी शोभायात्रा में शामिल होने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। निश्चित रूप से बजरंगबली की कृपा से हर असंभव कार्य सम्भव बन जाता है यह उनकी भक्ति और आस्था का जीता जागता प्रमाण है। उन्होंने कहा पूरे देश में पूर्ण हर्षोल्लास के साथ हनुमान जन्मोत्सव की धूम नजर आ रही है। जगह-जगह मंदिरों में उनके नाम जयकारों का गुणगान किया जा रहा है।बजरंगबली हनुमान की कृपा क्षेत्रवासियों बनी रहे सभी सुख में जीवन के साथ आगे बढ़े और रुद्रपुर क्षेत्र तेज गति के साथ विकास के पद पर अग्रसर हो।इस दौरान पंचमुखी हनुमान बालाजी मंदिर समिति के अध्यक्ष गुलशन नारंग, गगन वाधवा, सुरेश परिहार, नरेश ग्रोवर, सुनील ठुकराल, अजय चड्डा, अनिल चौहान, मनोज अरोरा, सर्वेश मौर्य, रोशन अरोड़ा, प्रमोद मित्तल, संजय जुनेजा, अंशुल शुक्ला, जगदीश तनेजा, सुरेश शर्मा, रोनिक नारंग, राजकुमार सिकरी, विजय फुटेला, पवन अग्रवाल, शिवांश अग्रवाल, मनोज अग्रवाल,नरेश ग्रोवर,पंकज खुराना, संजय गर्ग, सौरभ गाबा, सुशील गाबा, सुधीर अरोरा, चंदर सचदेवा, सौरभ गावा, सूरज सचदेवा, संजय गर्ग, नरेन्द्र बंसल, सुधीर अरोरा, देश राज तागरा, विकास नारंग, आदि सहित भारी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।





## होटल रेडिशन ब्लू में महिला की संदिग्ध मौत

रुद्रपुर।नैनीताल रोड स्थित एक पांच सितारा होटल में ठहरी महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो जाने से सनसनी फैल गई। मृतका की बहन ने हत्या की आशंका जताते हुए उसके बिजनेस पार्टनर पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में रखवा दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।जानकारी के अनुसार, नई दिल्ली के लोदी रोड स्थित हनुमान मंदिर क्षेत्र निवासी ज्योति शर्मा (40) अपने बिजनेस पार्टनर अमित के साथ रुद्रपुर आई थीं। दोनों दिल्ली में एक रेस्टोरेंट का संचालन करते थे। बताया जा रहा है कि मंगलवार देर शाम दोनों केंची धाम जाने के लिए निकले और बुधवार तड़के रुद्रपुर पहुंचे, जहां नैनीताल रोड स्थित एक होटल में ठहरे।पंतनगर क्षेत्राधिकारी के अनुसार, बुधवार दोपहर करीब डेढ़ बजे अमित होटल के रिसेप्शन पर पहुंचा और महिला की तबीयत बिगड़ने की जानकारी देते हुए डॉक्टर की आवश्यकता बताई। इसके बाद होटल स्टाफ की मदद से महिला को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।मृतका की बहन ने आरोप लगाया है कि ज्योति की हत्या की गई है। उनका कहना है कि पहले भी उसे अटैक आ चुका था, लेकिन इस बार परिस्थितियां संदिग्ध हैं। बहन ने यह भी बताया कि अमित के साथ पैसों को लेकर विवाद चल रहा था और ज्योति ने उसे रुपये भी दिए थे।वहीं पुलिस ने होटल के कमरे से साक्ष्य जुटाने के साथ ही सीसीटीवी फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है। एसपी क्राइम के मुताबिक मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का खुलासा हो सकेगा। पुलिस अमित से भी पूछताछ कर रही है।

## गैस रिफिलिंग के खिलाफ छापेमारी,7 सिलेंडर सहित एक दबोचा

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। तहसील के रेसम बाड़ी क्षेत्र में राजस्व विभाग, पूर्ति विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने अवैध गैस रिफिलिंग के खिलाफ बड़ी कार्यवाही की है। छापेमारी के दौरान तौफीक पुत्र रईस अहमद उम्र 26 वर्ष को गैस सिलेंडरों से अवैध रूप से रिफिलिंग करते हुए रंगे हाथ पकड़ा गया। मौके पर मौजूद टीम ने सात गैस सिलेंडर, नोजल, रिफिल पाइप और रिफिलिंग में इस्तेमाल होने वाला अन्य सामान जब्त कर लिया है।प्रशासन को लंबे समय से इस क्षेत्र में अवैध रिफिलिंग की शिकायतें मिल रही थीं, जिस पर संज्ञान लेते हुए यह संयुक्त कार्यवाही अमल में लाई गई। पकड़े गए आरोपी के विरुद्ध संबंधित धाराओं में विधिक कार्यवाही की जा रही है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि घरेलू गैस का व्यावसायिक उपयोग और अवैध रिफिलिंग करने वालों के खिलाफ अभियान जारी रहेगा। इस छापेमारी से अवैध कारोबारियों में हड़कंप मचा हुआ है। पुलिस और पूर्ति विभाग मामले की विस्तृत जांच कर रहे हैं।



## गैस वितरण में लापरवाही की तो होगी एफआईआर



रूद्रपुर । जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने जिला सभागार में गैस एजेंसी प्रबंधकों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि यदि किसी भी गैस एजेंसी द्वारा वितरण में लापरवाही बरती गई या गलत तरीके से आपूर्ति की गई, तो संबंधित के खिलाफ कठोर कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि किसी ऑपरेटर द्वारा उपभोक्ता को सिलेंडर दिए बिना ही मोबाइल पर डिलीवरी का संदेश भेजा गया, तो सीध एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। जिलाधिकारी ने जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देशित किया कि पूर्ति निरीक्षकों के माध्यम से गैस गोदामों के स्टॉक की नियमित जांच सुनिश्चित की जाए।बैठक में निर्देश दिए गए कि गैस बुकिंग होने के बाद निर्धारित समय पर ही होम डिलीवरी की जाए। जिलाधिकारी ने कड़े निर्देश दिए कि गैस गोदाम या एजेंसी से किसी भी उपभोक्ता को सीधे सिलेंडर न दिया जाए और पूरी पारदर्शिता के साथ घर-घर आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने आम जनता से अपील की कि वे किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और चेतावनी दी कि अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ सख्त एक्शन लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि घरेलू अथवा व्यावसायिक गैस की काला बाजारी में संलिप्त व्यक्तियों पर आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत मुकदमा चलाया जाएगा।जिला पूर्ति अधिकारी विनोद चन्द्र तिवारी ने बैठक में जानकारी दी कि जिले में गैस की उपलब्धता पर निरंतर नजर रखी जा रही है और सभी एजेंसियों को केवल होम डिलीवरी के माध्यम से वितरण के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने आंकड़ों का विवरण देते हुए बताया कि जनपद में 31 मार्च तक घरेलू गैस का दैनिक वितरण 11616 रहा जबकि 9392 सिलेंडर अवशेष हैं। वहीं व्यावसायिक गैस का वितरण 404 हुआ और 1366 सिलेंडर स्टॉक में मौजूद हैं।इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय, गैस एजेंसी प्रबंधक रीतु नेगी, वर्तिका सिंह, प्रमोद पाण्डे, लाल कृष्ण, विनोद कुमार, आशा पाण्डे, रिंकी, करन कुमार आदि उपस्थित रहे। इनके अलावा इंडियन गैस ऑयल के प्रतिनिधि हरीश पंत, भारत पेट्रोलियम के मनीष कुमार और हिन्दुस्तान पेट्रोलियम के महेश मीणा वर्चुअल माध्यम से बैठक में शामिल हुए।

## श्रद्धाभाव से हनुमान जी को अर्पित किया चोला

### नीलकण्ठ धाम में आज रात सजेगा दिव्य दरबार

रुद्रपुर। भगवान श्री राम के अनन्य भक्त और संकटमोचन पवनपुत्र हनुमान का जन्मोत्सव क्षेत्र में पूरी श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इस पावन अवसर पर महापौर विकास शर्मा ने गदरपुर स्थित सूरजपुर धाम पहुंचकर बजरंगबली के दर्शन किए। उन्होंने नीलकंठ धाम के तमाम भक्तों के साथ मिलकर प्रभु को चोला चढ़ाया और विधि वत पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान धाम में सुबह से ही भक्तों का तांता लगा रहा और भजन कीर्तन से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। कार्यक्रम के दौरान नीलकंठ धाम के भक्तों ने हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ किया। महापौर ने इस अवसर पर समस्त क्षेत्रवासियों के सुख, समृद्धि और खुशहाल जीवन की मंगल कामना की। महापौर विकास शर्मा ने कहा कि प्रभु हनुमान शक्ति, साहस और अटूट भक्ति के प्रतीक हैं। उन्होंने सभी को हनुमान जन्मोत्सव की हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि श्री बजरंगबली की कृपा से प्रत्येक नागरिक के जीवन में सफलता और सुख शांति का वास हो। महापौर ने कहा कि वर्तमान समय में प्रभु हनुमान के आदर्श और उनका सेवा भाव हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। महापौर विकास शर्मा ने बताया कि हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में आज रात श्री नीलकंठ धाम में श्री बालाजी महाराज का भव्य दरबार सजेगा। उन्होंने बताया कि दरबार का शुभारम्भ भाजपा के प्रदेश महामंत्री संगठन अजय कुमार जी रात आठ बजे दीप जलाकर करेंगे। रात्रि साढ़े आठ बजे से विशाल भंडारा भी आयोजित होगा। दरबार में भजन गायक निशा, पवन खनिजो, विनीत अरोरा, सुमित वार्ष्णेय, कु. वंशिका मनोचा, शुभम सक्सेना आदि भजन गायक बालाजी महाराज का गुणगान करेंगे। दरबार में फूलों की होली आकर्षण का केन्द्र होगी। महापौर ने धर्मप्रेमियों से अधिक संख्या में दरबार में पहुंचने का आहवान किया है।




क्या अंग्रेजी दवाईयां आपका रोग ठीक करने में नाकाम हैं तो मिलें-

विजय आयुर्वेद क्लीनिक
पंचकर्म सेन्टर

निम्न रोगों के इलाज में 16 वर्षों का अनुभव:-

पार्किंसन्स, अल्जाइमर, मानसिक विकार,निःसन्तान स्त्री-पुरुष की सभी चिकित्सायें, ट्यूब ब्लॉक, सिस्ट, कीटाणु की कमी आदि। डिस्क प्रोलेप्स सर्वाइकल, गठिया, घुटने का दर्द,किडनी रोग (डायलिसिस से पहले)
लीवर सिरोसिस, हैपेटाइटिस B&C, Fatty Liver प्रोस्टेट रोग

असाध्य एवं लाइलाज रोगियों की चिकित्सा शुद्ध आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा की जाती है।

DR. VIJAY PRAKASH MISHRA
M.D. (Ayurveda)
Mob.: 9410897970

DR. ASHWINI MISHRA
M.D. (Ayurveda)
स्त्री एवं त्वचा रोग

मिलने का समय : प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक (शुक्रवार अवकाश)

होटल राजश्री के सामने, गली नं0 2, डॉक्टर्स कालोनी
डी 1 डी 2 सिविल लाईन, रुद्रपुर (ऊधम सिंह नगर) उत्तराखण्ड


## किसानों की बैठक में कई प्रस्ताव पारित

गदरपुर । क्षेत्र में किसानों की समस्याओं और स्थानीय मुद्दों के निराकरण हेतु भारतीय किसान यूनियन की बैठक में नवीन अनाज मंडी में आयोजित की गई । बैठक में कई प्रस्ताव पास किए गए। बैठक की अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ किसान अशोक कुमार कक्कड़ ने गेहूं का समर्थन मूल्य बढ़ाए जाने और खरीद में पारदर्शिता और समय पर भुगतान की मांग उठाई । भारतीय किसान यूनियन के ब्लॉक अध्यक्ष राजेंद्र सिंह मक्कड़ ने कहा कि पशुओं को खुले में छोड़ने से हो रही दुर्घटनाओं पर भी चिंता जताते उचित व्यवस्था किए जाने की मांग की। बैठक में गेहूं खरीद केंद्र समय पर खोलने गेहूं के एमएसपी रेट पर ₹200 बोनस देने मोटर बिलों में सिक्योरिटी के नाम पर ली जा रही अतिरिक्त धन राशि पर रोक लगाने, विभिन्न श्रेणी की भूमि पर काबिज किसानों से नजराना (एक मुश्त समाहित योजना) शुल्क लेकर उन्हें मालिकाना हक देने का प्रस्ताव पारित किया गया । इस मौके पर विनोद गुंबर,अशोक सेठी,गुरनवीत सिंह,गुरमीत सिंह,हरभजन सिंह, करनैल सिंह,सरदार सिंह लुकमान,तौफीक,वीरेंद्र सिंह,सेवक सिंह आदि मौजूद रहे।



## हनुमान जन्मोत्सव पर बंटा खीर का प्रसाद

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। अनंत प्रेम आश्रम दरबार में हनुमान जन्मोत्सव का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। आदरणीय निष्ठानंद बाई के सानिध्य में आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर विशेष पूजा-अर्चना के पश्चात भक्तों के बीच खीर और चावल का प्रसाद वितरित किया गया। आश्रम परिसर हनुमान जी के जयकारों से गुंजायमान रहा और वातावरण पूरी तरह भक्तिमय नजर आया। इस मौके पर व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजय जुनेजा, खैराती लाल गगनेजा, गुलशन बजाज, चेतन खनिजों, राजकुमार सीकरी, राजेश मेहंदी रता, हरीश कुकर और ओमप्रकाश सहित अनेक भक्त जनों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। सभी ने निष्ठानंद बाई जी से आशीर्वाद प्राप्त किया।



# Green World Public School

SHAKTIFARM (U.S.NAGAR), Mob: 9412945360

1- ग्रीन वर्ल्ड पब्लिक स्कूल, शक्तिफार्म का नया सत्र 1 अप्रैल दिन बुधवार से विधिवत प्रारंभ हो रहा है अतः अपने पाल्य को निश्चित रूप से प्रथम दिवस से विद्यालय भेजें।

2- विद्यालय में इस वर्ष कक्षा एल के जी से 8 तक के लिए 1 अप्रैल को प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है जिसमें प्रत्येक कक्षा में प्रवेश परीक्षा में 70% या उससे अधिक अंक लाने वाले विद्यार्थियों में से प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को क्रमशः 60% 50% व 40% शुल्क में भारी छूट दी जाएगी।

3- मेधावी खिलाड़ियों, जिन्होंने राज्य स्तर पर स्वर्ण पदक व रजत पदक प्राप्त किया है उन्हें शुल्क में क्रमशः 50% व 25% तक छूट दी जाएगी।

4- विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी विद्यालय के कई विद्यार्थियों ने सरकारी नौकरी व अच्छी प्राइवेट संस्थानों में शानदार सफलता प्राप्त की है जिसमें -सुनीता दास व सुष्मिता सरकार ने शिक्षा विभाग में शिक्षक बनकर , रंजीत राठौर, महिपाल सिंह व देवेंद्र सिंह बिष्ट ने आइटीबीपी, लक्ष्य सिंह कोरंगा ने उत्तराखंड पुलिस व आदिल खान ने उत्तर प्रदेश पुलिस में, प्रिया मेहता कोर यूनिवर्सिटी रुड़की में प्रवक्ता के पद नौकरी प्राप्त कर अपना ,अपने परिवार व विद्यालय का नाम रोशन किया है।

5- अतः अपने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए 1 अप्रैल को होने वाले छात्रवृत्ति प्रवेश परीक्षा में अवश्य सम्मिलित करें।


6- ग्रीन वर्ल्ड पब्लिक स्कूल समस्त अभिभावकों को आश्वस्त कराता है कि अपनी पूर्ण सामर्थ्य से आपके पाल्य के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयास कर आगे और भी शानदार परिणाम देंगें।

## विगत वर्षों की भांति इस वर्ष 2025-26 पर विद्यालय के पूर्व व वर्तमान विद्यार्थियों की उपलब्धि पर एक नजर-

### 2025-26 में विभिन्न सरकारी सेवाओं में चयनित छात्र-छात्राएँ-




### मुख्यमंत्री उदीयमान उत्कृष्ट खिलाड़ी छात्रवृत्ति योजना 2025-26 में चयनित छात्र-छात्राएं




### राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न खेल-कूदों में चयनित छात्र छात्राएं




### कक्षा X व XII के मेधावी छात्र/छात्राएं




समस्त क्षेत्रवासियों को
श्री हनुमान जन्मोत्सव
की हार्दिक शुभकामनायें
महिला एवं सामाजिक
जागरूकता कल्याण समिति(रजि)


समस्त क्षेत्रवासियों को
श्री हनुमान जन्मोत्सव
की हार्दिक
शुभकामनायें
धीरेन्द्र
मिश्रा
जिलाध्यक्ष
भाजपा किसान मोर्चा
उधमसिंह नगर


समस्त क्षेत्रवासियों
को श्री हनुमान
जन्मोत्सव की
हार्दिक शुभकामनायें
मीना शर्मा
वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष
महिला कांग्रेस,उत्तराखण्ड
अनिल शर्मा
वरिष्ठ कांग्रेस नेता


संकट मोचन श्री हनुमान जी
के जन्मोत्सव की सभी भक्तों
को हार्दिक शुभकामनायें
जय श्री राम
विमोर बठला
एमडी- स्टार हेल्स कॉर्पोरेशन,आदर्श कालोनी, रुद्रपुर


समस्त क्षेत्रवासियों को
श्री हनुमान जन्मोत्सव
की हार्दिक शुभकामनायें
जय श्रीराम
राजेश तिवारी
जिला उपाध्यक्ष,भाजपा
उधमसिंहनगर
अनीता तिवारी


जय श्री राम
संकट मोचन श्री हनुमान जी
के जन्मोत्सव की सभी भक्तों
को हार्दिक शुभकामनायें
अमित मिश्रा 'बिट्टू'
निर्वतमान पार्षद,रुद्रपुर


संकट मोचन श्री हनुमान जी के जन्मोत्सव की
सभी भक्तों को हार्दिक शुभकामनायें
ओम बापू
मशीनरी स्टोर
हरीश चन्द्र गुम्बर
विशाल गुम्बर


संकट मोचन श्री हनुमान जी के जन्मोत्सव
की सभी भक्तों को हार्दिक शुभकामनायें
BINDAL HYUNDAI
HYUNDAI
रुद्रपुर में हुण्डई कार्स के
एकमात्र अधिकृत विक्रेता
BINDAL ENTERPRISES PVT LTD
Anand Bindal - Managing Director


!! संकट कटे मिटे सब पीड़ा,
जो सुमिरे हनुमत बलबीरा !!
श्री हनुमान जन्मोत्सव
की आप सभी को हार्दिक बधाई
पुनीत अग्रवाल
प्रबन्ध निदेशक
MARUTI SUZUKI
Way of Life!
Akanksha
AUTOMOBILES (R) PVT. LTD.
Kichha Bypass Road, Rudrapur (U.S.Nagar)


जय श्री राम
संकट मोचन श्री हनुमान जी
के जन्मोत्सव की सभी भक्तों को
हार्दिक शुभकामनायें
विजय भूषण गर्ग
वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष
एवं कुमाऊ मंडल प्रभारी
प्रदेश अग्रवाल महासभा,उत्तराखण्ड
मै. विजय फिलिंग स्टेशन,लालपुर


संकट मोचन श्री हनुमान जी के जन्मोत्सव
की सभी भक्तों को हार्दिक
जय श्री राम
सीए शिव अरोरा
विधायक,रुद्रपुर विधानसभा


श्री सनातन धर्म सभा (रजि.) रुद्रपुर
समस्त क्षेत्रवासियों को श्री हनुमान जन्मोत्सव की हार्दिक बधाई
अध्यक्ष
महामंत्री


संकट मोचन श्री हनुमान जी
के जन्मोत्सव की सभी भक्तों
को हार्दिक शुभकामनायें
जय श्री राम
विमोर बठला
एमडी- स्टार हेल्स कॉर्पोरेशन,आदर्श कालोनी, रुद्रपुर


संकट मोचन श्री हनुमान जी के जन्मोत्सव
की सभी भक्तों को हार्दिक बधाई
जय श्री राम
शेखर जुयाल
सिविल कॉन्ट्रेक्टर
सुरेन्द्र घंई
सिविल कॉन्ट्रेक्टर
श्री साईं कन्सट्रक्शन
59/3, आवास विकास, रुद्रपुर (ऊधमसिंहनगर)


संकट मोचन श्री हनुमान जी के जन्मोत्सव
की सभी भक्तों को हार्दिक शुभकामनायें
जय गुरुदेव इण्डस्ट्रीज
जगदीश गुम्बर
अंशु गुम्बर
रोहित गुम्बर
निर्माता- धान थ्रेशर, गेहूँ थ्रेशर, रोटावेटर,
स्ट्रारीपर, हैरो, पैडी हैरो, जीरो ड्रील आदि
C-19/20, इण्डस्ट्रियल इस्टेट, किच्छा बाईपास रोड, रुद्रपुर
Ph.: 05944-243508, 9412034731, 9568880000


जय श्री राम
!! संकट कटे मिटे सब पीड़ा,
जो सुमिरे हनुमत बलबीरा !!
श्री हनुमान
जन्मोत्सव
की आप सभी को
हार्दिक शुभकामनाएं
वेद ठुकराल
वरिष्ठ भाजपा नेता, रुद्रपुर

# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## 'लाल आतंकवाद' से मुक्ति!

भारत लगभग नक्सल-मुक्त हो गया। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने लोकसभा में यह दावानुमा घोषणा की। नक्सल-मुक्त स्थिति के लिए 31 मार्च, 2026 आखिरी तारीख तय की गई थी, लेकिन संसद में नक्सलवाद पर बहस हुई, जिसके जवाब में गृहमंत्री ने घोषणा की और नक्सलवाद के विस्तार की स्थितियों और कारकों का भी खुलासा किया। गृहमंत्री ने उल्लास और उत्साह में यह भी घोषणा की कि देश में 'लाल कॉरिडोर' का खात्मा कर दिया गया है। जो 2-4 नक्सली नेता फरार हैं, वे या तो आत्मसमर्पण कर देंगे अथवा उन्हें ढेर कर दिया जाएगा। विपक्ष इन्हें भी अन्यायपूर्ण हत्याएं करार दे रहा है। आश्चर्य हैङ्क! बहरहाल अब 'नक्सलवाद' शब्द इतिहास में दर्ज होकर रह जाएगा। देश से 'वामपंथी, माओवादी आतंकवाद' के खात्मे में करीब 59 लंबे साल लग गए। सरकार ने 706 माह का वक्त माना है। जो आंदोलन वामपंथी नेता चारु मजूमदार और कानू सान्याल के नेतृत्व में 1967 में पश्चिम बंगाल से शुरू किया गया था, वह वैचारिक कम और हथियारबंद, हिंसक अधिक था। बेशक आंदोलन को किसान, मजदूर, भूमिहीन, आदिवासी की लड़ाई का आवरण दिया गया। आर्थिक असमानता, शोषण, अन्याय, पूंजीवाद, भूमि का असमान वितरण या भूमिहीनता, सर्वहारा, बुर्जुआ आदि शब्दों को नारों के तौर पर इस्तेमाल किया गया, लेकिन 2026 तक भी वे नारे खोखले, आडंबर साबित हुए, क्योंकि असमान स्थितियां आज भी देश में हैं। नक्सली देश की संसदीय व्यवस्था के खिलाफ थे और देश में 'सशस्त्र क्रांति' लाने के पक्षधर थे। जो आंदोलन या उग्रवाद देश के करीब 150 जिलों तक फैला था और जिसे 'रेड कॉरिडोर' नामकरण दिया गया था, वाकई वे इलाके रक्त-रंजित थे। नक्सलियों ने समानता और न्याय की अपनी सोच गढ़ते हुए 7532 मासूम, बेगुनाह लोगों को मारा। करीब 5000 सुरक्षा-जांबाजों को 'शहीद' किया। देश के करीब 17 फीसदी हिस्से पर जिनका 'रेड कॉरिडोर' था, देश की 12 करोड़ से अधिक आबादी 'लाल उग्रवाद' से प्रभावित और दमित थी, वह कैसा सामाजिक आंदोलन था? जिन्होंने करीब 20,000 युवाओं की हत्या की। क्यों कीङ्क? करीब 92 फीसदी अत्याधुनिक हथियार पुलिस और सुरक्षा बलों से छीन लिए, यह समानता और गरीबी-उन्मूलन का कैसा आंदोलन था? 'लाल आतंकवाद' के खिलाफ लड़ाई और उसे खत्म करने की मुहिम पर सरकार को 2000 करोड़ रुपए सालाना खर्च करने पड़ रहे थे। देश को नक्सल-मुक्त करने के अभियानों, संघर्षों, मुठभेड़ों के दौरान 706 नक्सली मार दिए गए, 2208 को गिरफ्तार कर जेलों में भेज दिया गया और 4839 ने आत्मसमर्पण किया। ये तमाम खुलासे गृहमंत्री अमित शाह ने लोकसभा में किए हैं और सुरक्षा बलों, पुलिस के जवानों को 'सैल्यूट' किया है। मुक्ति-अभियान के बावजूद एक तबका ऐसा है, जिसने जेएनयू में जश्न मनाया था, जब नक्सलियों ने हमला कर सीआरपीएफ के 76 जवानों को एक साथ 'शहीद' किया था। यही तबका 'अरबन नक्सल' है, जिसमें बौद्धिक, डॉक्टर, पत्रकार, सांसद, सम्मानित लेखक आदि शामिल हैं। वे आज भी नक्सलियों के पैरोकार हैं और उनके पक्ष में आलेख लिखते रहे हैं। एक हिंसक आंदोलन की पैरोकारी भी 'अपराध' है। नक्सलवाद की स्थापना और सक्रियता के बाद, एक ही साल में, 3620 हिंसक घटनाएं की गई थीं। 2002 में 'राजधानी एक्सप्रेस' रेलगाड़ी पर हमला बोल कर 130 बेगुनाह यात्रियों को मार दिया गया था। बहरहाल, बेशक 'लाल आतंकवाद' का लगभग खात्मा हो जाए, लेकिन आपराधिक, हत्यारी मानसिकता के अवशेष जिंदा रहते हैं। उन्हें भी कुचलना चाहिए।

# आने वाला समय विनाश का संकेत : बाबा उमाकांत

रुद्रपुर। पूर्णिमा के अवसर पर गंगापुर रोड़ पर विकास नगर के वेंकट हॉल में आयोजित दो दिवसीय सत्संग में बाबा उमाकांत जी महाराज ने वर्तमान संकेत दिया कि शक्तियां सक्रिय हो चुकी हैं और विश्व परिस्थितियाँ ऐसे मोड़ पर पहुँच गई हैं जहाँ संघर्ष और बढ़ेगा। जैसे गाड़ी का गियर फँस जाता है, वैसे ही लोगों को समझाने में सफल हो जाएँ, तो बड़ा परिवर्तन संभव है और अनेक लोगों की जान बच सकती है। उन्होंने कहा कि जो कार्य प्रेम और समझौते से हो सकता है, पीछे तीन मुख्य कारण मांसाहार, नशा और गलत दृष्टि थे।आज भी समाज उसी दिशा में बढ़ रहा है। लोग भगवान को भूलते जा रहे हैं। यदि लोग 'जयगुरुदेव'





समय को लेकर गंभीर चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि अब युद्ध रुकने वाला नहीं है। पहले बहुत समझाया गया, लेकिन किसी ने ध्यान नहीं दिया। अब समझाने का समय निकल चुका है-चाहे लोग सुनें या न सुनें, विनाश अवश्य होगा। उन्होंने विश्व युद्ध की दिशा में फँस चुका है। बाबा जी ने कहा कि जब संत मौन हो जाते हैं, तब काल अपना कार्य आरंभ कर देता है। आने वाले समय में प्रकृति के परिवर्तन और विनाश के संकेत स्पष्ट दिखाई देंगे। उन्होंने भक्तों से आग्रह किया कि यदि वे वह लड़ाई- झगड़े से कभी नहीं हो सकता।आज दुनिया में बमबारी, मिसाइल और परमाणु हथियारों की तैयारी चल रही है। ये सभी मानव द्वारा बनाए गए साधन ही मानव के विनाश का कारण बनेंगे। बाबा जी ने बताया कि रावण के पतन के नाम का जाप करेंगे और दूसरों को भी कराएंगे, तो बहुत हद तक मुसीबतों से रक्षा हो सकती है।गईउन्होंने यह भी संकेत दिया कि पर्यावरण और हवा तक प्रभावित होगी, और कई क्षेत्रों में लोगों को पलायन करना पड़ सकता है।

## भाजपा नेता संजीव सिंह ने किया क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ

किच्छा । विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बब्बरपुर में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट का वरिष्ठ भाजपा नेता और समाजसेवी संजीव कुमार सिंह ने रिबन काटकर विधिवत शुभारंभ किया। उद्घाटन के अवसर पर पहला मुकाबला मेजबान बब्बरपुर और



लालपुर की टीमों के बीच खेला गया, जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में खेल प्रेमी और ग्रामीण मौजूद रहे। गांव पहुँचने पर युवा साथियों ने संजीव सिंह का भव्य स्वागत कर अपनी खुशी जाहिर की। खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए मुख्य अतिथि संजीव सिंह ने कहा कि खेल न केवल शारीरिक विकास के लिए आवश्यक हैं, बल्कि ये ग्रामीण प्रतिभाओं को निखारने का एक सशक्त माध्यम भी हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि सीमित संसाधनों के बावजूद ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं में अद्भुत क्षमता होती है और वे आगे चलकर अपने गांव, प्रदेश व देश का नाम रोशन करते हैं। ऐसे आयोजनों से क्षेत्र में खेल भावना को बढ़ावा मिलता है और युवाओं में नई ऊर्जा का संचार होता है। टूर्नामेंट के आयोजक अजय कुमार और विजय कुमार ने मुख्य अतिथि का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर आशीष कुमार, तस्लीम, तरुण, नजाकत, सौरभ, मन्नू, विकास, अयान, योगी, लियाकत और विजय सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी और ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## गरीबी में पले रोहित ने जीता टीवी रियलिटी शो का फाइनल

रुद्रपुर (उद संवाददाता) । नगर के भंजूराम अमूर इंटर कॉलेज के कक्षा आठ के छात्र रोहित ने अपनी मेहनत और प्रतिभा के दम पर बड़ा मुकाम हासिल किया है। बेहद साधारण और निर्धन परिवार से आने वाले रोहित ने लोकप्रिय टीवी रियलिटी शो षकिसमें कितना है दमष के ग्रैंड फिनाले में प्रथम स्थान प्राप्त कर न सिर्फ अपने परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है।यह कार्यक्रम एचडी पंजाबी चौनल पर प्रसारित होता है, जिसका आयोजन पंजाब स्थित एक विश्वविद्यालय में किया गया था। देशभर से आए प्रतिभागियों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा के बावजूद रोहित ने अपने उत्कृष्ट कला प्रदर्शन से निर्णायकों का दिल जीत लिया और विजेता घोषित हुए। उन्हें ट्रॉफी के साथ नकद पुरस्कार भी प्रदान किया गया।



रोहित के पिता शिवकुमार और माता पुष्पा ने बताया आर्थिक तंगी के बावजूद उन्होंने अपने बेटे के सपनों को कभी रुकने नहीं दिया। रोहित बचपन से ही काला में रुचि रखते हैं और स्कूल व स्थानीय प्रतियोगिताओं में हमेशा बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते रहे हैं। इस उपलब्धि के बाद परिवार में खुशी का माहौल है। विद्यालय परिवार और स्थानीय लोगों ने भी रोहित की सफलता पर गर्व जताते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## सिक्स सिग्मा के छात्रों का सायनोकेम फार्मास्यूटिकल्स में चयन

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। क्षेत्र के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान सिक्स सिग्मा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस के फार्मेसी विभाग के छात्रों ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। संस्थान के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट हेड रजत धवन के प्रयासों से हरिद्वार स्थित सायनोकेम फार्मास्यूटिकल्स में आयोजित कैंपस प्लेसमेंट के दौरान बी. फार्मेसी के दो छात्रों का चयन हुआ है। चयन प्रक्रिया के दौरान कंपनी के एचआर गिरीश बुधानी ने छात्र-छात्राओं को कंपनी की कार्यप्रणाली, पर्यावरण और भविष्य की संभावनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी।प्लेसमेंट प्रक्रिया में बी. फार्मेसी 2026 बैच के विद्यार्थियों ने



उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया, जिसमें से अर्जुन और ईश्वर सिंह राणा का चयन कंपनी द्वारा किया गया। अपनी इस सफलता पर चयनित छात्रों ने खुशी जाहिर करते हुए संस्थान की प्रबंधन समिति, प्रधानाचार्य और प्लेसमेंट विभाग का आभार व्यक्त किया। कॉलेज ऑफ फार्मेसी के प्राचार्य डॉ. प्रकाश पंत ने चयनित छात्रों को बधाई देते हुए उन्हें भविष्य के लक्ष्यों के प्रति निरंतर समर्पित रहने के लिए प्रेरित किया। छात्रों की इस उपलब्धि पर संस्थान के चेयरमैन राजेश डाबर, को-चेयरमैन प्रीत ग्रोवर, प्रबंध निदेशक सीए शिव अरोरा, प्रबंध निदेशिका डॉ. सीमा अरोरा, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर वंश डाबर एवं शौर्य अरोरा ने प्रसन्नता व्यक्त की।

## द्रोण कॉलेज ने चलाया स्वास्थ्य जागरूकता अभियान

दिनेशपुर।द्रोण कॉलेज ऑफ नर्सिंग, रुद्रपुर की ओर से क्षेत्र के वार्ड नंबर 2 एवं वार्ड नंबर 8 में स्वास्थ्य जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान नर्सिंग छात्र-छात्राओं और शिक्षकों की टीम ने घर-घर जाकर लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया तथा विभिन्न बीमारियों से बचाव के उपायों की जानकारी दी।अभियान के तहत लोगों को स्वच्छता, संतुलित आहार, नियमित स्वास्थ्य जांच, टीकाकरण और मौसमी बीमारियों से बचाव के बारे में विस्तार से बताया गया। टीम ने विशेष रूप से महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य पर ध्यान देते हुए उन्हें पोषण और साफ-सफाई के महत्व के बारे में जागरूक



किया। साथ ही लोगों को प्राथमिक उपचार और आपात स्थिति में किए जाने वाले जरूरी कदमों की भी जानकारी दी गई।इस मौके पर अर्चना विश्वास (असिस्टेंट प्रोफेसर), संध्या कनौजिया, शिखा, दीपिका, आंचल, इलमा, प्रतिभा, शालू, दीपा, सहिवा, खुशबू सहित कई नर्सिंग छात्राएं मौजूद रहीं।कार्यक्रम के अंत में स्थानीय लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के जागरूकता अभियान से आमजन को स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी मिलती है, जिससे वे अपने और अपने परिवार के स्वास्थ्य का ख्याल रख सकें

## आंगनवाड़ी केंद्र में पुष्टाहार वितरित

रुद्रपुर । ट्रांजिट कैंप विवेक नगर में स्थित आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 9 में बुधवार को गर्भवती महिलाओं के लिये सरकार द्वारा योजना के तहत पुष्टाहार भोजन किट का वितरण किया। इस अवसर पर भाजपा नेता एवं पूर्व सभासद व पालिका के पूर्व



नेता प्रतिपक्ष दिलीप अधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य में संचालित सभी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक शत प्रतिशत पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में गर्भवती महिलाओं व बच्चों को शासन द्वारा प्रदत्त पुष्टाहार समय से वितरित किया जाए इस पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। श्री अधिकारी ने कहा आंगनवाड़ी केंद्र में महिलाओं व बच्चों को बेहतर स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण जानकारी भी दी जाती हैं। इस मौके पर आंगनबाड़ी केंद्र की कार्यकत्री सहायिका श्रीमती प्रनोति शाह, जिला महामंत्री तरुण दत्ता, पार्षद राजेंद्र राठौड़ आदि मौजूद थे।

## एसबीआई के क्लर्क जसवीर सिंह को दी भावभीनी विदाई

दिनेशपुर। भारतीय स्टेट बैंक दिनेशपुर शाखा में कार्यरत क्लर्क जसवीर सिंह गोरया के सेवानिवृत्त होने पर बैंक परिवार की ओर से भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर एक गरिमामय समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें बैंक के अधिकारियों, कर्मचारियों, एसोसिएशन के पदाधिकारियों और उनके परिजनों ने भाग लेकर उनके योगदान को सराहा। कार्यक्रम का संचालन शाखा प्रबंधक दिनेश कुमार के नेतृत्व में किया गया। समारोह में वक्ताओं ने जसवीर सिंह के अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा और मिलनसार स्वभाव की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्होंने अपने कार्यकाल में बैंक की गरिमा को बढ़ाया और सहकर्मियों के बीच एक आदर्श स्थापित किया। जसवीर सिंह गोरया ने अपने जीवन केमहत्वपूर्ण वर्षों



में देश और समाज की सेवा की। उन्होंने भारतीय सेना में 17 वर्षों तक सेवा देने के बाद 25 दिसंबर 2005 को भारतीय स्टेट बैंक की हल्द्वानी स्थित कुसुमखेड़ा शाखा में क्लर्क पद पर नियुक्ति प्राप्त की। इसके बाद उन्होंने विभिन्न शाखाओं में अपनी सेवाएं देते हुए अंततः अपने गृह क्षेत्र दिनेशपुर शाखा से 31 मार्च 2026 को सेवानिवृत्ति प्राप्त की। समारोह के दौरान दिनेशपुर प्रेस क्लब अध्यक्ष दुलाल चक्रवर्ती ने जसवीर सिंह को माला पहनाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर शाखा प्रबंधक दिनेश कुमार, कुलदीप सिंह बवेजा (अध्यक्ष, एसबीआई स्टाफ एसोसिएशन दिल्ली सर्किल), सर्विस मैनेजर विनय विष्ट, कैशियर पलविंदर सिंह, राकेश जोशी, नीरज राणा, एनसीबीई उत्तराखंड के महासचिव, हल्द्वानी मॉड्यूल के उप महासचिव, चंदन सिंह बिष्ट, लोकेश गुरुरानी, राजेंद्र सिंह,गंगा सिंह राणा अनिल टम्टा, अनिल कुमार सरवन कुमार संजना शर्मा कमल मंडल भीमसेन तथा अमित कुमार एवं अलावा जसवीर सिंह के परिवार से उनकी धर्मपत्नी हरविंदर कौर, पुत्र सिमरनजीत सिंह, बहू कर्मजीत कौर, भाई मोहर सिंह, बिलासपुर (उत्तर प्रदेश) के ब्लॉक प्रमुख कुलवंत सिंह औलख, जसवीर कौर और बलराज औलख समेत दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

# सनातन संस्कृति और धरोहरों के संरक्षण के लिए सरकार प्रतिबद्ध: धामी

## मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दून में श्रीमद्भागवत कथा में टेका मत्था, संतों का लिया आशीर्वाद





देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी देहरादून के रेंजर्स ग्राउंड में विश्व शांति सेवा चौरिटेबल ट्रस्ट द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित संतजनों और श्रद्धालुओं का अभिनंदन करते हुए कहा कि श्रीमद्भागवत कथा जैसे आध्यात्मिक आयोजनों में शामिल होना जीवन का सौभाग्य है। मुख्यमंत्री ने कथा व्यास देवकीनंदन ठाकुर महाराज के प्रति श्रद्धा व्यक्त करते हुए उनके जीवन को भक्ति और समर्पण का अद्वितीय उदाहरण बताया। उन्होंने कहा कि महाराज ने अल्पायु में ही श्रीमद्भागवत महापुराण को कंठस्थ कर समाज को आध्यात्मिक दिशा देने का जो कार्य किया है, वह प्रेरणादायक है।मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में सनातन संस्कृति और आध्यात्मिक धरोहरों के संरक्षण की दिशा में अभूतपूर्व कार्य हो रहे हैं। अयोध्या में भव्य राम मंदिर निर्माण से लेकर केदारनाथ और बद्रीनाथ धामों का पुनर्निर्माण और काशी विश्वनाथ कॉरिडोर जैसी परियोजनाएं भारत की सांस्कृतिक चेतना को पुनर्स्थापित कर रही हैं। इसी क्रम में राज्य सरकार भी देवभूमि की विरासत को सहेजने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। केदारखंड और मानसखंड के मंदिरों के सौंदर्यीकरण के साथ ही हरिपुर कालसी में यमुनातीर्थ के पुनरुद्धार का कार्य गतिमान है। इसके अलावा हरिद्वार ऋषिकेश कॉरिडोर और शारदा कॉरिडोर के माध्यम से श्रद्धालुओं के लिए आधुनिक सुविधाओं का विकास किया जा रहा है।सांस्कृतिक और शैक्षणिक क्षेत्र में सरकार के प्रयासों का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने बताया कि दून विश्वविद्यालय में सेंटर फॉर हिन्दू स्टडीज की स्थापना की गई है, जिससे भारतीय दर्शन और इतिहास के अध्ययन को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि राज्य सरकार सनातन मूल्यों की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है, जिसके तहत धर्मांतरण विरोधी कानून और समान नागरिक संहिता लागू करने जैसे ऐतिहासिक निर्णय लिए गए हैं। मुख्यमंत्री ने विश्व शांति सेवा चौरिटेबल ट्रस्ट द्वारा बेटियों की शिक्षा के लिए चलाई जा रही प्रियाकांत जू विद्या धन योजना की भी सराहना की।श्रीमद्भागवत महापुराण की महत्ता बताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह ग्रंथ भक्ति, ज्ञान और वैराग्य का संगम है। वर्तमान के भागदौड़ भरे समय में यह कथा मनुष्य को आंतरिक शांति और आत्मबोध का मार्ग दिखाती है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि सरकार समाज में समरसता, सांस्कृतिक गौरव और आध्यात्मिक चेतना को मजबूत करने के लिए कार्य करती रहेगी। इस कार्यक्रम में विभिन्न संत महात्मा, ट्रस्ट के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

## कांग्रेस महानगर अध्यक्ष आवास पर ठुकराल का स्वागत



रुद्रपुर(उद संवाददाता)। पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल कांग्रेस में शामिल होने के उपरांत कांग्रेस महानगर अध्यक्ष ममता रानी के आवास पर पहुंचे, जहां कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनका फूल-मालाओं के साथ जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर ममता रानी ने कहा कि राजकुमार ठुकराल के कांग्रेस में आने से संगठन को नई ऊर्जा और मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि पार्टी के सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर जनहित के मुद्दों पर संघर्ष करेंगे और आने वाले समय में कांग्रेस एक सशक्त विकल्प के रूप में उभरेगी। ममता रानी ने कहा कि अनुभवी नेताओं के साथ आने से जमीनी स्तर पर पार्टी का जनाधार और अधिक व्यापक होगा। वहीं पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने कहा कि कांग्रेस की नीतियों और जनसेवा के संकल्प से प्रभावित होकर उन्होंने पार्टी का दामन थामा है। उन्होंने कहा कि उनका मुख्य उद्देश्य क्षेत्र का विकास और जनता की समस्याओं का समाधान करना है। ठुकराल ने कार्यकर्ताओं का आभार जताते हुए कहा कि वे सभी को साथ लेकर चलेंगे और कांग्रेस के हाथ को मजबूत करने के लिए पूरी निष्ठा के साथ कार्य करेंगे। कार्यक्रम के दौरान धर्मपाल सागर, अनुज, बाबू विश्वकर्मा, ललित बिष्ट, चमन, उमा, ज्योति टम्टा, नरेश सागर, रंजीत सागर, माया देवी, आनंद शर्मा, देवेन्द्र कुमार, महेश उपाध्याय, सुदीप ठाकुर, बंटी मक्कड़ सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।


### सूचना नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम शालिनी कुमारी (SHALINI KUMARI) से बदलकर शालिनी (SHALINI) रख लिया है। भविष्य में मुझे शालिनी (SHALINI) के नाम से जाना व पहचाना जाएगा।

शालिनी पुत्री श्री अरविन्द सिंह, निवासी- मकान नं-7, इंद्रलोक कॉलोनी, लेन नं-2, केनाल रोड, किशनपुर, देहरादून, उत्तराखंड


## तमंचा और कारतूस के साथ संदिग्ध युवक गिरफ्त में

काशीपुर(उद संवाददाता)। पुलिस ने चैकिंग के दौरान एक युवक को 315 बोर तमंचा व एक अदद जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी का आर्म्स एक्ट में चालान किया है।आईटीआई कोतवाली पुलिस ने चौकिंग के दौरान महुआखेड़ा गंज स्थित सोनार इंफ्राटेक लिमिटेड के पास से कुईखेड़ा सकेनिया थाना गदरपुर निवासी सोहन सिंह उर्फ सोनू पुत्र बहादुर सिंह को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक 315 का तमंचा व एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह नशे का आदी है तथा नशे कि पूर्ति के लिए सुनसान जगह पर अकेले राह चलते लोगों को तमंचा दिखाकर पैसे छीन लेता है। पुलिस ने आरोपी का आर्म्स एक्ट में चालान कर कोर्ट में पेश किया है।

## हनुमान जयंती पर भंडारे का आयोजन, सीपीयू कर्मियों को किया सम्मानित

रुद्रपुर। भाजपा नेता प्रमोद मित्तल एडवोकेट के नेतृत्व में आज श्री हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर महाराजा अग्रसेन चौक पर आयोजित भंडारे की सेवा का शुभारंभ किच्छा के पूर्व विधायक राजेश शुक्ला द्वारा किया गया।उन्होंने कहा कि प्रमोद मित्तल सदैव जनसेवा में अग्रणी भूमिका निभाते रहे हैं। उनका यह सेवा कार्य समाज के लिए अत्यंत सराहनीय एवं प्रेरणादायक है। कार्यक्रम के दौरान



सीपीयू पुलिस कर्मी गणेश धपोला एवं बसंत गिरी को भी सम्मानित किया गया। दोनों पुलिस कर्मियों ने विगत दिवस एक नेपाली नागरिक की जान बचाकर मानवता का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया था। इस अवसर पर पार्षद पवन राणा, कुशल अग्रवाल, अनुज अग्रवाल, प्रमोद यादव, सुधीर डागर, नितिन अग्रवाल, निखिल चंडोक, जितेंद्र साहनी, शिवांश अग्रवाल, उपेन्द्र नाथ तिवारी, डॉ. मंजू तिवारी, मनीष मित्तल एडवोकेट, अंकित शर्मा, जुगनू अरोड़ा, चेतन गौड़, पार्षद पवन राणा, राजेश कामरा, जितेंद्र तिवारी, रवि अग्रवाल, विजय तम्टा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## काशीपुर में संकरी गलियों से भी अब कूड़ा उठाएंगी ई-ट्रॉली

काशीपुर (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और महापौर दीपक बाली के विशेष प्रयासों के फलस्वरूप काशीपुर प्रदेश का ऐसा पहला नगर निकाय बन गया है, जहाँ अब शहर की सबसे छोटी और संकरी गलियों में भी कूड़ा गाड़ियां पहुँच सकेंगी। नगर निगम को आधुनिक ई-ट्रॉली कार्ट और ई-रिक्शा टिपर की यह सौगात नैनी पेपर्स लिमिटेड द्वारा सीएसआर फंड के तहत प्रदान की गई 50 लाख रुपये की सहायता से प्राप्त हुई है। इन आधुनिक वाहनों के संचालन से स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ काशीपुर के संकल्प को नई शक्ति मिलेगी। नगर निगम परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान नैनी पेपर्स द्वारा उपलब्ध कराए गए कुल 29 वाहनों का बेड़ा निगम को सौंपा गया। इसमें 10 ई-रिक्शा टिपर शामिल हैं, जिनमें कचरा पृथक्करण के लिए चार अलग-अलग डिब्बे (गीला, सूखा, सेनेटरी और प्लास्टिक कचरा) बनाए गए हैं। इसके साथ ही 19 ई-ट्रॉली कार्ट भी बेड़े में शामिल की गई हैं, जिन्हें विशेष रूप से उन संकरी गलियों के लिए तैयार किया गया है जहाँ सामान्य कूड़ा गाड़ियां नहीं पहुँच पाती थीं। इन वाहनों के आने से अब शहर के हर कोने से नियमित कचरा संग्रहण सुनिश्चित हो सकेगा। महापौर दीपक बाली ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि नगर निगम काशीपुर को स्वच्छता के मानक पर नंबर वन बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने नैनी पेपर्स लिमिटेड का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि औद्योगिक इकाइयों का समाज के प्रति यह सहयोग शहर के विकास और जनसुविधाओं के विस्तार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

## सड़क हादसे में युवक की मौत के मामले में बाईक चालक पर केस दर्ज

काशीपुर(उद संवाददाता)। दो बाइकों की भिड़ंत में एक बाइक सवार युवक की मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के पिता की तहरीर पर अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है।ग्राम लौंगी खुर्द पोस्ट सुलतानपुर दोस्त थाना ठाकुरद्वारा निवासी ऊदल सिह पुत्र स्व. धर्म सिंह ने आईटीआई कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीती 25 मार्च को उसका पुत्र अमित कुमार फैक्ट्री के ठेकेदार शुभम् कुमार की मोटरसाईकिल सं. यूके18ई-5029 से फैक्ट्री के कार्य से महुआखेडा गंज की ओर जा रहा था जब वह पैगा चौकी चौराहा मार्ग-ग्राम महुआखेडा गज मार्ग के बीच में पहुंचा तभी रात्रि करीब 9.30 बजे सामने से मोटरसाईकिल सं. यूके18एफ-4920 के चालक ने मोटरसाईकिल को गलत साईड में लाकर उसके पुत्र की मोटरसाईकिल में टक्कर मार दी। जिससे गिरने पर उसके शरीर में गम्भीर चोटें लगी और मोटरसाईकिल भी क्षतिग्रस्त हो गयी। घायल अमित को 108 एम्बुलेस से सरकारी अस्पताल काशीपुर लाया गया चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

## हनुमान जयंती पर जयघोषों के साथ निकली भव्य शोभायात्रा



हल्द्वानी। हनुमान जयंती के पावन अवसर पर श्री बालाजी मंदिर रूपनगर के तत्वावधान में गत दिवस भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जो लक्ष्मी शिशु मंदिर बरेली रोड से प्रारम्भ होकर अनेक मार्गों से होकर गुजरती हुई श्री बाला जी मंदिर रूपनगर में सम्पन्न हुई। मार्ग में अनेक स्थानों पर शोभायात्रा का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। आज मंदिर में सुंदरकांड पाठ का आयोजन हुआ जिसके पश्चात विशाल भंडारा किया गया। आज रात्रि 8 बजे से श्री बालाजी महाराज का कीर्तन होगा। इस दौरान विधायक सुमित हृदयेश, मेयर गजराज सिंह बिष्ट, मंदिर व्यवस्थापक पूरन पाठक, मुकेश बोहरा, जयप्रकाश अग्रवाल आदि सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## पेज एक का शेष...

सरेआम युवती से छेड़छाड़.... मनचलों के बढ़ते हौसलों से स्थानीय लोगों में भी रोष व्याप्त है। घटना की गंभीरता को देखते हुए थाना किच्छा पुलिस ने सक्रियता दिखाई है।पुलिस ने वादी की शिकायत के आधार पर तीनों नामजद आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 74 और 351(2) के तहत मामला पंजीकृत कर लिया है। थाना प्रभारी का कहना है कि महिलाओं की सुरक्षा से खिलवाड़ करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस टीमों ने आरोपियों की धरपकड़ के लिए दबिश देना शुरू कर दिया है और घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है। मामले की विस्तृत जांच जारी है।

नौकरी से निकालने से भड़के मेडिकल.....जिसके बाद सफाई कर्मियों ने राहत की सांस ली। प्रदर्शन करने वालों में सुनीता, ममता, लक्ष्मी, सोना, शीला, रितु, रजनी, गीता, सुमन, रेखा, सपना, आकाश, उमेश, टिंकू ,अभय, ओमपाल आदि थे।

बेकाबू कार ने स्कूटी....मौके पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि प्रवेश अपनी पत्नी को कांगड़ी छोड़कर कुछ सामान लेने हरिद्वार जा रहा था, तभी वह इस हादसे का शिकार हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार सवार नशे में धुत थे और उन्होंने स्कूटी को टक्कर मारने के बाद रास्ते में अन्य वाहनों को भी अपनी चपेट में लिया, जिससे दो अन्य लोग घायल हो गए। हादसे के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। जैसे ही प्रवेश की मौत की सूचना चंडीघाट बस्ती में पहुंची, बड़ी संख्या में ग्रामीण और परिजन मौके पर जमा हो गए। आक्रोशित भीड़ ने चंडीघाट चौकी का घेराव कर दिया और आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग को लेकर हंगामा शुरू कर दिया। इस दौरान भीड़ में शामिल कुछ लोगों ने चौकी में तोड़फोड़ की और पथराव भी किया, जिससे स्थिति तनावपूर्ण हो गई। बिगड़ते हालात को देखते हुए सीओ सिटी शिशुपाल सिंह नेगी के नेतृत्व में भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा। पुलिस को भीड़ को तितर बितर करने के लिए हल्का बल प्रयोग करना पड़ा। कड़ी मशक्कत के बाद स्थिति पर नियंत्रण पाया गया। श्यामपुर थाना प्रभारी मनोहर भंडारी ने बताया कि पुलिस ने घटना में प्रयुक्त कार को कब्जे में ले लिया है और इसमें सवार चार युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और घायलों का अस्पताल में उपचार चल रहा है। पुलिस मामले में वैधानिक कार्यवाही कर रही है और वर्तमान में क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम है।

चलती बस में आग....बस से गंतव्य के लिए रवाना किया गया। जांच के दौरान एक गंभीर लापरवाही भी सामने आई है। परिवहन एप के माध्यम से पता चला कि रोडवेज की इस 2024 मॉडल बस का टैक्स पिछले वित्तीय वर्ष तक ही जमा था और गाड़ी का बीमा भी खत्म हो चुका है। आमतौर पर रोडवेज की कई गाड़ियों का बीमा नहीं होता है और दुर्घटना की स्थिति में क्लेम की राशि सरकारी कोष से वहन की जाती है। एसएसपी की इस तत्परता की स्थानीय लोगों और बस में सवार यात्रियों ने जमकर सराहना की है। अधिकारियों का कहना है कि वाहन की फिटनेस और दस्तावेजों की कमी को लेकर विभागीय कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

सीएम का विरोध कर रहे.....की अनुमति नहीं दी जाएगी। सरकार पर निशाना साधते हुए युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुमित लोहनी ने कहा कि प्रदेश का युवा आज बेरोजगारी की मार झेल रहा है और महंगाई अपने चरम पर पहुंच चुकी है। उन्होंने आरोप लगाया कि भ्रष्टाचार लगातार बढ़ रहा है, लेकिन सरकार को जनता की समस्याओं से कोई सरोकार नहीं है। लोहनी ने स्पष्ट किया कि युवा कांग्रेस जनता की आवाज उठाती रहेगी और सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ आंदोलन जारी रहेगा। इस घटनाक्रम के बाद पूरे रामनगर क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक कड़ा कर दिया गया है तथा प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है।


संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर ;उत्तराखण्डद्धसे मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)





# भगत सिंह मण्डल के नवनियुक्त युवा मोर्चा पदाधिकारियों का किया जोरदार स्वागत

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। भगत सिंह मण्डल के नवनियुक्त युवा मोर्चा पदाधिकारियों का जिलाध्यक्ष युवा मोर्चा विपिन सिंह गहलौत के कार्यालय पर भव्य स्वागत किया गया। उत्साहपूर्ण वातावरण में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों का सम्मान किया गया और संगठन की मजबूती, युवा शक्ति के विस्तार व आगामी कार्ययोजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। जिलाध्यक्ष विपिन सिंह गहलौत ने युवाओं को सशक्त बनाने पर जोर देते हुए कहा कि देश के विकास में युवाओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि यदि युवाओं को सही दिशा और अवसर प्रदान किए जाएं तो वे राष्ट्र को नई ऊंचाइयों पर ले जा सकते हैं।स्वागत कार्यक्रम में मण्डल अध्यक्ष युवा मोर्चा अशोक नेगी, मण्डल महामंत्री मयंक माटा, विश्वजीत पाल,



मण्डल उपाध्यक्ष ज्ञान बहादुर, संतोष, अक्षित छाबड़ा, मण्डल मंत्री आदित्य कुमार, अनुभव, वासु गुम्बर, मण्डल कोषाध्यक्ष हिमांशु नारंग, मण्डल सोशल मीडिया संयोजक अल्का सिन्हा तथा मण्डल आईटी संयोजक ऋषभ चतुर्वेदी का अभिनंदन किया गया। जिलाध्यक्ष ने सभी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे राष्ट्रहित में सक्रिय भूमिका निभाएं और संगठन को और अधिक प्रभावशाली बनाएं।इस अवसर पर जिला कार्यालय मंत्री मोर सिंह यादव, जिला मंत्री युवा मोर्चा मनीष गोस्वामी, मण्डल अध्यक्ष युवा मोर्चा आदेश भारद्वाज और सुनील सिंह सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी पदाधिकारियों ने संगठन के प्रति अपनी निष्ठा दोहराई और दी गई जिम्मेदारियों का पूरी ईमानदारी से निर्वहन करने का संकल्प लिया।